# भाजपा में शामिल हुए संदेश पर बिल्डर के उत्पीड़न का आरोप

## आईजी से शिकायत- 16 लाख हड़प लिए, अब मांग रहा है रंगदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिल्डर ने कहा- हिस्ट्रीशीटर ने अपनी पत्नी को कंपनी में जबरन बनवा लिया डायरेक्टर
- दफ्तर में बंधक बनाकर पीटा जान से मारने और बच्चों के अपहरण की धमकी दी

मेरे ऊपर लगाए जा रहे सभी आरोप निराधार है। पूरे मामले की जांच करा ली जाए। जांच में खुद साफ हो जाएगा कि कौन गलत है और कौन सही। मुझे बेवजह परेशान किया जा रहा है। – **संदेश कनौजिया**

संदेश कनौजिया भाजपा में नहीं है, न ही उसे भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई थी। पार्टी के कांधरपुर में हुए एक कार्यक्रम में वह मंच पर पहुंच गया था तो उसे पटका पहना दिया गया था। – **आदेश प्रताप सिंह**, भाजपा के आंवला जिलाध्यक्ष

**अमृत विचार :** कुछ ही समय पहले भाजपा में शामिल होने के बाद चर्चा में आए हिस्ट्रीशीटर संदेश कनौजिया पर बहेड़ी के एक बिल्डर ने गंभीर आरोप लगाते हुए आईजी डॉ. राकेश सिंह से शिकायत की है। आरोप है कि हिस्ट्रीशीटर ने बिल्डर की कंपनी में अपनी पत्नी को जबरन डायरेक्टर बनवा दिया है। इसके साथ रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर उसे अपने दफ्तर में बंधक बनाकर जान से मारने और बच्चों का अपहरण करा लेने की धमकी भी दी।

बहेड़ी के गांव खमरिया में रहने वाले बिल्डर प्रवेश कुमार उर्फ राधे की ओर से आईजी को दिए शिकायती पत्र के मुताबिक वह जमीनों की खरीद-फरोख्त भी करते हैं। उन्होंने महानगर के रहने वाले एक युवक के साथ किसानों से उनकी जमीन खरीदने के लिए इकरारनामा किया था और इसकी एवज में 16 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि युवक ने उन्हें बगैर बताए यह रकम अपने दोस्त हिस्ट्रीशीटर संदेश कन्नौजिया को दे दी। इसके बाद जमीन के सौदे में टालमटोल करने लगा। उन्होंने रकम वापस मांगी तो संदेश कन्नौजिया ने दबाव बनाकर अपनी पत्नी अरुणा कनौजिया को उनकी कंपनी में जबरन डायरेक्टर बनवा दिया, रकम भी वापस नहीं की।

प्रवेश का आरोप है कि संदेश कनौजिया उनकी जमीनों को नहीं बिकने दे रहा है और उनसे लाखों रुपये की रंगदारी मांगता है। रंगदारी न देने पर उन्हें जान से मारने और उनके दोनों बच्चों का अपहरण करा लेने की भी धमकी देता रहता है। प्रवेश का यह भी आरोप है कि रकम वापस मांगने पर संदेश कनौजिया ने उन्हें सनराइज कॉलोनी स्थित अपने ऑफिस में बुलाकर कई घंटे बंधक बनाए रखा। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। प्रवेश की शिकायत पर अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

बता दें कि संदेश कनौजिया पर थाना बिथरी चैनपुर में गंभीर मामलों के 21 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। पिछले दिनों वह भाजपा के कार्यक्रम में नजर आया था। दावा किया गया था कि उसे भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई है, लेकिन अब आंवला के पार्टी जिलाध्यक्ष ने उसके भाजपा में होने से इन्कार किया है।






### गृहमंत्री के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

चुनावी जनसभा, रोडशो और रैलियों की वजह से लोगों की परेशानी भी बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को हार्टमन के रामलीला मैदान में गृह मंत्री अमित शाह की रैली की वजह से रास्तों को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया। दुकानें भी बंद करा दी गईं। कई घंटों तक लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

## सपा प्रत्याशी के पक्ष में महानगर कांग्रेस ने की नुक्कड़ सभा

**बरेली, अमृत विचार:** गांधीपुरम में सपा कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन के समर्थन में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय शुक्ला ने जनसंपर्क और नुक्कड़ सभा की। उन्होंने गठबंधन की उपलब्धियां और उनके कार्य योजना को जनता के सामने रखा और 7 मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के पक्ष में मतदान की अपील की। इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव चौधरी असलम, डॉ. सरवत हुसैन हाशमी, अनिल देव शर्मा, मोहम्मद हसन, नासिर अब्बासी, जीके अग्रवाल, हाजी जुबैर खान, शाहिद यार खान, मोहम्मद शाकिर सकलैनी, मोहम्मद इमरान, अशोक कुमार बौद्ध, शमसुद्दीन आदि मौजूद रहे।



## तीसरी बार देश में फिर बनने जा रही मोदी सरकार: धर्मेंद्र कश्यप


आंवला लोकसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा करते भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप।

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने बृहस्पतिवार को बिथरी चैनपुर और दातागंज क्षेत्र के कई गांवों में नुक्कड़ सभाएं कीं। उन्होंने लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने की अपील की।

धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि जनता अपने मत की शक्ति से आंवला लोकसभा क्षेत्र में एक बार फिर से कमल खिलाएगी और तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर विकसित राष्ट्र का निर्माण करेगी, इस पर उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर जन जन तक भाजपा की उपलब्धियां पहुंचाने की भी अपील की। बिथरी चैनपुर विधायक राघवेंद्र शर्मा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कुदृष्टि मां–बहनों के मंगलसूत्र पर है। माताएं–बहनें एक–एक पैसा जोड़कर स्त्री धन के रूप में जेवर मंगलसूत्र, लॉकेट, गले का हार खरीदती हैं। यही हमारी मां–बहनों की अमानत होती है, जिसे वह अपनी आने वाली पीढ़ियों को विरासत में देती हैं। कांग्रेस की निगाह मां–बहनों की अमानत पर है।

दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा पहले से ज्यादा मतों से जीत हासिल करेगी। वहीं उन्होंने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक बताया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व एनडीए गठबंधन चार सौ से ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि यह पहला चुनाव है जब देश की जनता ने अपना फैसला पहले ही सुना दिया है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख पति अरविंद चौहान, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र गुर्जर, पूर्व मंडल अध्यक्ष चरन सिंह लोधी, यशवीर सिंह लोधी, ठाकुर रंजन सिंह, लाल बहादुर पाठक, अमित सिंह, जितेंद्र सिंह, सिपट्टरलाल पाल, ठाकुर नन्हे लाल बराही समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा सांसद को माफ नहीं करेगी जनता: नीरज मौर्य


सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कई गांवों का भ्रमण कर जनसंपर्क किया। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से सपा गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने चुनावी भ्रमण के दौरान कहा कि भाजपा सांसद को गलत कार्यों और अपमान करने के लिए आंवला की जनता माफ नहीं करेगी। इस बार आंवला में बदलाव होकर रहेगा।

उन्होंने कहा कि सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कुछ दिन पहले वीडियो जारी करके कई जातियों और वर्गों पर अपनी आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए माफी मांगी थी। भाजपा सांसद ने ब्राह्मण और क्षत्रिय समाज के अलावा सम्मानित जनप्रतिनिधियों का भी अपमान किया है। इससे लोग आक्रोश में हैं। यह आक्रोश मतदान के दिन बाहर निकलेगा। हम बेहद मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं और सभी वर्ग का वोट उन्हें मिलेगा। नीरज मौर्य ने कहा कि क्षेत्र की सड़क टूटी हुई है। रोजगार के साधन नहीं है। युवा नौकरियों के लिए दर–दर भटक रहे हैं। कहीं कोई उनकी सुनने वाला नहीं है। लड़कियों की शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। जनता को जाति धर्म के झगड़े में उलझा कर रख दिया है। इससे विकास बाधित हो गया है। सपा प्रत्याशी ने दातागंज तहसील परिसर में अधिवक्ताओं से भी वोट देने की अपील की। इस मौके पर एडवोकेट आशा दीक्षित एडवोकेट, सचिन, त्रिवेंद सिंह यादव, सुखपाल सिंह यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, अशोक शाक्य, चंद्रपाल सिंह यादव, मोहम्मद इरशाद, दिनेश चंद्र कठेरिया, बाबूराम कश्यप, बलवीर सिंह शाक्य, गिरीश पाल सिंह, रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र पाल सिंह, ओमपाल सिंह आदि मौजूद रहे। सपा प्रत्याशी की पत्नी रश्मि मौर्य ने भी फरीदपुर, आंवला, बिथरी चैनपुर, दातागंज और शेखूपुर में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर जाकर महिलाओं से समर्थन देने की अपील की।

## भाजपा की सरकार में बरेली का जरा भी विकास नहीं हुआ: ऐरन


सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन के लिए जनसंपर्क करतीं पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन।

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सांसद एवं सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन ने भोजीपुरा क्षेत्र में कठर्रा, मोहनपुर, बैंकरनंदा, रमपुरा खंदपुरी मंगगदपुर, गुलड़िया, धर्मपुर, गुनाहटटू, बिहारीपुर, कमालपुर और बाकरगंज आदि क्षेत्रों में पदयात्रा कर जनसंपर्क किया। भोजीपुरा में लोगों ने प्रवीण सिंह ऐरन और भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रवीण सिंह ऐरन ने कहा कि बरेली में पिछले कई साल से बीजेपी की सरकार है। जनता ने बरेली का भविष्य इनके हाथों में सौंपा था पर कोई विकास कार्य नहीं हुए। उन्होंने कहा कि आम आदमी, किसान, व्यापारी और नौजवान बहुत परेशान है। वह समझ रहा है कि भाजपा सरकार की नीतियां किस तरह से छलावे में रख रहीं हैं। अब समय आ गया है कि सभी को अपने–अपने क्षेत्रों में चुनाव प्रचार में और तेजी लानी होगी और सभी कार्यकर्ता को बूथ लेवल पर काम करना होगा और सभी को अपने अपने बूथों पर जीत सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर तनवीर उल इस्लाम, भूपराम पटेल, टीकाराम कश्यप, कुलदीप गुप्ता, महेन्द्र गंगवार, सतेन्द्र सिहं, शेखर यादव, मुकेश कुमार, मुलायम सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

**सुप्रिया ऐरन ने भी किया जनसंपर्क :** पूर्व महापौर सुप्रिया ऐरन ने प्रवीण सिंह ऐरन के लिए शहर के कटरा चांद खां, सतीपुर, छोटी बिहार आदि क्षेत्रों में चुनावी जनसंपर्क कर लोगों से वोट देने की अपील की। इस मौके पर राजेश अग्रवाल, दिनेश दद्दा, श्याम मनोहर गुप्ता, कमलेश ठाकुर, संगीता, ममता, शशि चन्द्रा, धीरज मधुकर राजू, शरद चन्द्र यादव, रामगोपाल मोर्या, जमुना प्रसाद मौर्या, उल्फत सिंह कठेरिया, वीना गौतम, मिथुन सागर आदि मौजूद रहे।

### ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने की शपथ ली

**बरेली, अमृत विचार :** महानगर ज्वेलर्स एंड बुलियन एसोसिएशन ने गुरुवार को होटल में बैठक कर अधिक से अधिक मतदान कराने की शपथ ली। इसके लिए सदस्यों ने दुकानों पर आने वाले ग्राहकों से जागरूक करने का निर्णय लिया। अध्यक्ष संदीप अग्रवाल, संदीप बबलू, गणेश राव सावंत, अमित अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, विनीत रस्तोगी, अरुण वर्मा, अतुल, वरुण गर्ग, वरुण मित्तल, पुनीत मित्तल सीतेश,अंकुश, ओमबाबू वैश्य आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं को मतदान के लिए किया जागरूक




**बरेली,अमृत विचार :** वन स्टॉप सेंटर ने द्रोपदी कन्या इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्र प्रशासक चंचल ने छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। माय बूथ एप के फायदे बताए और मतदान करने की शपथ दिलाई। समाजसेवी कृष्ण स्वरूप, प्रधानाध्यापिका रामश्री गंगवार,आशा, संध्या,डॉ. नूतन, मीनू, श्रुति,लक्ष्मी,चक्षु मौजूद रहीं।







# गृहमंत्री की सभा में गूंजे राष्ट्रधर्म, सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद, राममंदिर और परिवारवाद के मुद्दे

## याद दिलाए बरेली में हुए दंगे, कहा-तब सपा और कांग्रेस वाले नहीं खड़े हुए थे बरेली वालों के साथ

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह का भाषण राष्ट्रवाद, आतंकवाद, राष्ट्र-धर्म, राम मंदिर और पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करने जैसे मुद्दों पर केंद्रित रहा। करीब 26 मिनट के संबोधन में उन्होंने सरकार की बड़ी उपलब्धियां गिनाने के साथ इंडिया गठबंधन पर भरपूर निशाना साधा और सपा-कांग्रेस पर चुन-चुनकर वार किए। हालांकि बसपा का एक बार भी नाम नहीं लिया।

गृहमंत्री ने भाजपा शासन से पहले यूपी में सपा के शासन की याद दिलाते हुए कहा कि तब यूपी दंगों की आग में जलता था। 2010 और 2012 में बरेली में हुए दंगों की भी उन्होंने याद दिलाई। कहा, बरेली में भीषण दंगा होने के बाद भी सपा और कांग्रेस वाले बरेली वालों के साथ खड़े नहीं हुए। यूपी में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपराधियों-गुंडों का पलायन होने की बात कहकर उन्होंने एहसास कराया कि अब लोग सुरक्षित हैं।

गृहमंत्री ने सपा और कांग्रेस को परिवारवाद की पार्टी करार देते हुए कहा कि यादव समाज मानता है कि अखिलेश यादव उसके नेता हैं, लेकिन हालत यह है कि कन्नौज से खुद अखिलेश चुनाव लड़ रहे हैं। मैनपुरी से उनकी पत्नी डिंपल, फिरोजाबाद से परिवार के अक्षय, बदायूं से आदित्य और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव चुनाव मैदान में हैं। कहा, इधर अखिलेश यादव खुद मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं तो उधर राहुल गांधी को सोनिया प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। ये लोग जनता का भला नहीं कर सकते। उनका भला तो गरीब घर से आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। भाषण खत्म करने के बाद गृह मंत्री ने पार्टी के सभी नेताओं के साथ जनता का अभिवादन किया।

इसके बाद मंच से नीचे की ओर जाने लगे, तभी पास में खड़े भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के कंधे पर थपथपाया। इससे गदगद छत्रपाल हाथ जोड़ खड़े हो गए। मंच पर एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी, ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी हरी सिंह ढिल्लो, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद संतोष गंगवार, भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार, मेयर उमेश गौतम, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मीरगंज विधायक डीसी वर्मा, जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह चौधरी, लोकसभा संयोजक राजकुमार शर्मा, सह संयोजक डॉ. केएम अरोड़ा, पूर्व विधायक बहोरनलाल मौर्य, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, दुष्यंत गंगवार मौजूद रहे।

### कश्मीर के लिए बरेली का बच्चा-बच्चा जान देने को तैयार

अमित शाह ने कहा कि बरेली वालों बताओ, कश्मीर हमारा है या नहीं। जवाब हां में मिला तो बोले, खड़गे जी कहते हैं कि यूपी और राजस्थान वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना। बोले, खड़गे भाई आप तो 80 पार हो गए मगर बरेली वालों को नहीं जानते। कश्मीर के लिए मेरे बरेली का बच्चा-बच्चा जान देने के लिए तैयार है।

### इतनी जोर की आवाज लगाइए कि उड़ीसा तक जाए

शाह ने भाषण की शुरुआत भारत माता की जयकारे के साथ की। जनता का जवाब सुनकर बोले- बरेली वालों क्या हो गया, 400 पार करना है तो इतनी तेज आवाज लगाइए कि उड़ीसा तक जाए। कहा, रामगंगा के किनारे बसी नाथ नगरी में विद्यमान सातों नाथों, पास में हनुमान जी को प्रणाम करते हुए बात की शुरुआत करना चाहता हूं।



जनसभा में गृह मंत्री अमित शाह के साथ सांसद संतोष गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण, विधायक संजीव कुमार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल।


हार्टमन के रामलीला मैदान में गृह मंत्री की जनसभा में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### छत्रपाल जारी रखेंगे ये यज्ञ

गृहमंत्री ने मंच से सांसद संतोष गंगवार का नाम लेते हुए कहा कि वह विश्वास दिलाते हैं कि उन्होंने सेवा का जो यज्ञ चलाया है, छत्रपाल उसे निरंतर चलाते रहेंगे। बरेली को भाजपा को गढ़ बताते हुए कहा कि 1989 के बाद से यहां संतोष गंगवार सांसद बनते रहे हैं। संसद में उन्होंने बरेली के कई मामले उठाए। उनके लिए पार्टी ने कुछ अलग भूमिका सोची है और छत्रपाल को प्रत्याशी बनाया है।

### धूप से लोगों को अंदर करिए

मंच पर आने के पांच मिनट बाद अमित शाह ने माइक संभाला तो उनकी नजर पंडाल के बाहर धूप में खड़े लोगों की तरफ गई तो चिंता दिखाते हुए पुलिस कर्मियों से कहा कि धूप में खड़े सभी लोगों को अंदर करिए।


हार्टमन रामलीला मैदान पर जनसभा को संबोधित करने आए गृहमंत्री अमित शाह का बरेली एयरपोर्ट पर आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल समेत कई लोगों ने स्वागत किया।

## आज फरीदपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला संसदीय सीट के फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा होगी। इसके लिए बृहस्पतिवार को तैयारियां पूरी की गईं। आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री की जनसभा आंवला के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में फरीदपुर के रामलीला मैदान पर होगी। मुख्यमंत्री संभल में जनसभा करने के बाद हेलीकॉप्टर से दोपहर साढ़े तीन बजे फरीदपुर रामलीला ग्राउंड पर उतरेंगे। यहां वह 3:35 से 4:20 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर कर लखनऊ जाएंगे।

## जनता का मंच

### क्या लोग अपने वोट के महत्व के प्रति जागरूक हैं?

**बरेली अमृत विचार :** आमतौर पर लोग अपने वोट को अपने भविष्य से जोड़कर नहीं देखते। यही वजह है कि अक्सर 40 फीसदी और कभी-कभी इससे भी ज्यादा आबादी वोट डालने ही नहीं निकलती। सांसद-विधायक निर्वाचित हो जाते हैं, सरकारें भी बन जाती हैं लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि उन्हें बहुमत से चुना गया है। लोग मानते हैं कि संविधान ने जो मताधिकार दिया है, वह अमूल्य है। अगर कोई इसकी अहमियत नहीं समझता तो उसे सरकार से कोई शिकायत करने का भी हक नहीं है।


लोकतंत्र में मतदान का अधिकार ही नागरिकों की सबसे बड़ी ताकत होता है। गंभीरता से इसका इस्तेमाल करना चाहिए। अगर किसी सरकार का काम पसंद नहीं आ रहा तो हम उसे अपने मत का इस्तेमाल कर बदल सकते हैं। किसी भी सरकार या नेता को यह नहीं लगना चाहिए कि वह अजेय है। - **विनीता शर्मा**, नरियावल


अपने वोट की कीमत समझना बहुत जरूरी है। हमारा वोट ही नेताओं को मूलभूत मुद्दों पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर सकता है। देश का विकास जरूरी है। पांच साल में एक बार हमें सरकार बनाने का अवसर मिलता है। वोट की कीमत समझनी चाहिए, इसी से देश की तकदीर तय होती है। - **अनिल राठौर**, पुराना शहर


लोकतंत्र में हर किसी की जिम्मेदारी है कि चुनाव और राजनीति के प्रमुख मुद्दों की जानकारी रखे और अपने वोट की भी अहमियत समझे। वोट सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं होता बल्कि ऐसी सरकार बनाने के लिए होता है जो जनता के लिए काम करे। मैं हमेशा मतदान को प्राथमिकता देता हूं। - **गरुण**, भरतौल


संविधान ने हर नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है, उन्हें इसका अपने भविष्य के लिए उपयोग करना चाहिए। कई जगहों पर मतदान का बहिष्कार होता है, कहीं निर्विरोध निर्वाचन हो जाता है। इससे लोकतांत्रिक अधिकार का हनन होता है। मताधिकार बहुमूल्य है और इसका इस्तेमाल सौभाग्य। - **नरेश मौर्य**, भुता


मतदान की जिम्मेदारी को लोग अपने आराम में खलल की दृष्टि से देखने लगे हैं, इसीलिए मतदान में उनकी दिलचस्पी कम होती जा रही है। हालांकि शिकायतें सभी को हैं लेकिन बदलाव लाने के लिए मतदान कर योगदान करने से वे पीछे हट रहे हैं। यही वजह है कि इस चुनाव में अब तक अधिकतर स्थानों पर मतदान का प्रतिशत 60 से ऊपर नहीं गया है। यह स्थिति तब है जबकि शिक्षित लोगों की समाज में कमी नहीं रह गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत शहरों से अधिक रहा है। ये उदासीनता पढ़े-लिखे और जागरूक कहे जाने वाले लोगों में ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि अच्छी सरकार चुननी है तो मतदान प्रतिशत बढ़ाना होगा। जितने ज्यादा लोग भागीदारी करेंगे, जनता की उतनी स्पष्ट आवाज सुनाई देगी। -**डॉ. अजीत सिंह**, एसोसिएट प्रोफेसर एमजेपीआरयू

### आधी आबादी की आवाज...

धीरे-धीरे ही सही, महिलाओं की भूमिका राजनीति में बढ़ रही हैं। प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी, देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, देश की पहली पूर्णकालिक विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, चार बार मुख्यमंत्री रही मायावती, बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी और पहली महिला वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जैसी महिला नेताओं ने राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में अपना लोहा मनवाया है। महिलाओं का राजनीति में शून्य से शीर्ष तक जगह बनाना शुरू से चुनौतीपूर्ण रहा है लेकिन वे इसमें डटी हुई हैं। निचले स्तर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं की राजनीतिक जरूरतें, समझ, संस्कृति अलग-अलग हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे-जैसे महिलाएं शिक्षित हो रही हैं, अपने अधिकारों को भी जान रही हैं। मतदान और चुनाव में भागीदारी कर रही हैं। शहरी महिलाओं पर अधिक जिम्मेदारी है। शहरों में शिक्षा का विस्तार हुआ है, लेकिन महिलाएं मुद्दों पर चर्चा नहीं करतीं। -**यशिका वर्मा**, प्रवक्ता मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र



## डीएम ने शुरू किया जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत गांधी उद्यान में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट और हस्ताक्षर अभियान की गुरुवार को शुरुआत की। उन्होंने हस्ताक्षर बोर्ड पर 7 मई को अपना वोट जरूर दें लिखकर लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। सीडीओ जग प्रवेश, एडीएम प्रशासन दिनेश, उप नियंत्रक राकेश मिश्रा, चीफ वार्डन राजीव शर्मा मौजूद रहे।

# अखिलेश की सभा में इलेक्टोरल बांड, महंगाई, रोजगार मुफ्त आटा-डाटा, खाद और लैपटॉप वितरण की गूंज

## सपा प्रमुख ने कहा- भाजपा ने खाद और डीजल के दाम तो बढ़ा दिए, उपज की कीमत नहीं बढ़ाई

सुरेश पांडेय, बरेली

**अमृत विचार :** देवचरा में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के चुनावी भाषण में इलेक्टोरल बांड, महंगाई, रोजगार, फ्री आटा-डाटा, महंगी खाद और अपनी सरकार में लैपटॉप वितरण प्रमुख मुद्दे रहे। इन्हीं मुद्दों के जरिए सपा प्रमुख ने गरीब, किसान और युवाओं को साधने की कोशिश करते हुए इंडिया गठबंधन को वोट देने की अपील की।

सपा प्रमुख ने अपने 30 मिनट के भाषण में कहा कि आंवला में खाद की फैक्ट्री है, फिर भी किसानों को समय पर खाद नहीं मिलती। किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा करने वाली भाजपा ने खाद और डीजल के दाम तो बढ़ा दिए लेकिन उपज के दाम नहीं बढ़ाए, ऐसे में आय कैसे दोगुनी होती। बोले, बीजेपी वाले आए तो जो खाद बोरी मे मिल रही है, वह उसी रेट में पाउच में मिलेगी। बोले, बीजेपी वालों को जाने क्या हो गया है, उन्होंने राशन में भी चोरी कर ली। गेहूं के बजाय इतनी गर्मी में बाजरा बांटा जा रहा है। अब किसान ही बताएं कि गर्मी में कोई बाजरा खाता है क्या।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, हम गरीबों से कहकर जा रहे है कि हमारी सरकार में राशन गुणवत्तापूर्ण मिलेगा। उसके साथ जैसा स्वादिष्ट आटा बड़े-बड़े लोग खरीद रहे हैं, वैसा ही पैक्ड आटा और डाटा भी हम फ्री देने का काम करेंगे। युवाओं की तरफ सवाल उछाला- जितना आटा जरूरी है, उतना डाटा जरूरी है कि नहीं। बोले, जब पहली बार मोबाइल फोन लिया होगा तब डाटा फ्री था। जब चलाना सीख गए तो पैसा लगने लगा। वह युवाओं को डाटा फ्री देंगे। कहा, समाजवादी पार्टी ने लैपटॉप दिया तो भाजपा ने नकल करते हुए टैबलेट दे दिए जो छोटे तो हैं ही, चलते भी नहीं हैं। समाजवादी पार्टी की दी एंबुलेंस भी खराब कर दीं। उन्होंने जो 100 नंबर पुलिस व्यवस्था दी थी, उसी में बदलाव करके उसे 112 कर दिया।

उन्होंने आंवला से नीरज मौर्य को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें लोग बताते हैं कि उन्होंने सांसद को जीतने के बाद कभी नहीं देखा। दस साल कोई सांसद क्षेत्र में ही नहीं जाएगा तो विकास कैसे होगा। सांसद की कार्यप्रणाली से हर वर्ग नाराज है। मंच पर उनके साथ उनकी पत्नी रश्मि मौर्य भी खड़ी रहीं। सभा का संचालन विधायक अताउर रहमान ने किया। बदायूं से अपने हैलिकॉप्टर में पूर्व सांसद वीरपाल सिंह को लेकर पहुंचे अखिलेश देवचरा में सभा के बाद जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप को अपने साथ बरेली ले गए।

मंच पर पीलीभीत के प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक आरके शर्मा, सुल्तान बेग, महिपाल सिंह, शेखूपुर विधायक हिमांशु यादव, आशीष यादव, पूर्व विधायक दातागंज प्रेमपाल, शुभलेश यादव, रवींद्र यादव, साजिद रजा खां, मयंक शुक्ला, नेहा यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, प्रमोद यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी, रवींद्र यादव, मनोहर पटेल, निशा शर्मा, शांति सिंह, कल्पना सागर, अर्जुन सिंह, कलीमुद्दीन, आदेश यादव, मोहित कुमार डॉ. जीराज यादव समेत तमाम नेता मौजूद रहे।


देवचरा में जनसभा में बोलते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

### बिथरी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख सपा में शामिल

बिथरी के ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर भाजपा में हलचल मचाने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख बृजेंद्र पटेल अखिलेश के सामने सपा में शामिल हो गए। बसपा महासचिव गुरबचन पटेल समेत कई और दलों के नेताओं ने भी सदस्यता ग्रहण की। क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवेश्वर सिंह ने अखिलेश के मंच से सपा प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की।

### सविता समाज ने 101 किलो की माला पहनाई

सपा नेताओं ने सपा प्रमुख को चांदी के मुकुट के साथ बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। सविता समाज के बृजेश श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को 101 किलो की माला पहना कर स्वागत किया। अशोक यादव ने उन्हें हल भेंट किया तो पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य ने अखिलेश यादव को कांस्य की बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। सिख समुदाय ने उन्हें तलवार सौंपी। भुवनेश यादव ने गदा भेंट की।


अखिलेश यादव की जनसभा में पहुंचे समर्थक। ● अमृत विचार

## बसपा जिलाध्यक्ष बोले- बैठक फर्जी, हाईकमान लेगा निर्णय

संवाददाता, नवाबगंज

● इंडिया गठबंधन को समर्थन देने को बुधवार को बुलाई थी बैठक

**अमृत विचार :** बसपा की ओर से बरेली में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा को पार्टी जिलाध्यक्ष ने फर्जी बताया है। उन्होंने कहा है कि इस बारे में हाईकमान ही कोई निर्णय लेगा। जिन लोगों ने बैठक कर समर्थन की घोषणा की थी, वे पार्टी के अधिकृत सदस्य ही नहीं हैं।

बसपा की ओर से बरेली में प्रत्याशी घोषित किए गए छोटेलाल गंगवार का पर्चा खारिज होने के बाद तमाम बसपा समर्थकों में असमंजस का माहौल है। बुधवार को कस्बे में एक बैठक कर इंडिया गठबंधन को समर्थन देने की तैयारी थी लेकिन प्रत्याशी के न आने से कोई निर्णय नहीं हो सका। बैठक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थक भी पहुंचे थे। अब पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमकार कातिब ने ऐसी बैठकों को फर्जी ठहराते हुए कहा है कि जो लोग अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, वे पार्टी के अधिकृत सदस्य तक नही हैं। ये लोग पार्टी की छवि खराब कर रहे हैं। प्रत्याशी के चयन या समर्थन का अधिकार हाईकमान के पास ही है। हाईकमान जो भी निर्देश देगा, उसका पालन किया जाएगा।

### भोजीपुरा के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष निष्कासित

बसपा जिलाध्यक्ष ओमकार कातिब ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष अमित कुमार सिद्धार्थ के खिलाफ अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने की रिपोर्ट मिली थी। विभिन्न सूत्रों से छानबीन करने के बाद इसकी पुष्टि होने पर उन्हें बृहस्पतिवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। उन्हें उनकी कार्यशैली पर कई बार चेतावनी दी गई थी लेकिन कोई सुधार नही आया।

## तौकीर भी बोले- नोटा का बटन दबाएं

● एक तरफ भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात, दूसरी तरफ सपा का भी विरोध

● इससे पहले चुनाव में इंडिया गठबंधन के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं तौकीर

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बृहस्पतिवार को अजीबोगरीब बयान जारी किया। एक तरफ उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात कही तो दूसरी तरफ अपील की कि बरेली में मतदाता नोटा का बटन दबाएं। तौकीर से पहले मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन भी मुसलमानों से नोटा का बटन दबाने की अपील कर चुके हैं।

दिलचस्प यह है कि मौलाना तौकीर इंडिया गठबंधन को समर्थन का एलान कर चुके हैं लेकिन बरेली में सपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर देश में इंडिया गठबंधन की हिमायत कर रहे हैं, लेकिन पिछले दिनों उनके खिलाफ रची गई साजिशों के बाद न सिर्फ मुस्लिम समुदाय बल्कि धर्मनिरपेक्ष सोच रखने वाले तमाम दूसरे लोग भी उनसे मिलकर भाजपा और सपा दोनों को वोट न देने की बात कह रहे हैं। इसी कारण तौकीर रजा ने बरेली में नोटा का बटन दबाने की अपील की है।

मौलाना तौकीर का एक वीडियो बयान भी शुक्रवार को आया जिसमें वह भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने का दावा कर रहे हैं। कह रहे हैं कि हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करने वालों का मुंह काला होने जा रहा है लेकिन बरेली सीट पर इस बार कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं है जिसे वोट दिया जाए। बरेली को अगर दंगे और कर्फ्यू से बचाना है तो नोटा का बटन दबाया जाए। अगर नोटा जीता तो हम बरेली का चुनाव निरस्त कराने के लिए अदालत जाकर यहां दोबारा चुनाव कराने की मांग करेंगे।




# अब मरीजों को ऑनलाइन मिलेगी पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट

अंकित चौहान, बरेली

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने वाले मरीजों को अब रिपोर्ट के लिए अस्पताल में नहीं आना पड़ेगा, बल्कि रिपोर्ट उन्हें ऑनलाइन भेज दी जाएगी। आभा आईडी बनाने के दौरान मरीजों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर रिपोर्ट भेजने की अस्पताल प्रबंधन ने तैयारी कर ली है। अगले सप्ताह से यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी।

जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। इनमें से करीब 25 फीसदी मरीजों को डॉक्टर खून, मूत्र समेत अन्य जांचों की सलाह देते हैं। मरीजों की संख्या अधिक होने की वजह से 24 घंटे बाद मरीजों को जांच रिपोर्ट मिलती है और उन्हें रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल में आना पड़ता है। अब शासन के निर्देश पर जिला अस्पताल में मरीजों का पर्चा बनाने के दौरान मरीजों की आभा आईडी बनाई जाती है। इसमें एक बार पंजीकरण कराने के बाद मरीजों को नंबर जारी कर दिया जाता है। इसके बाद मरीजों को अस्पताल में दोबारा पर्चा नहीं बनवाना पड़ता है। अब तक करीब 50 हजार मरीजों का पंजीकरण किया जा चुका है। अब इसी आईडी के माध्यम से मरीज को जांच रिपोर्ट ऑनलाइन भेज दी जाएगी।

### जागरूकता के लिए लगाए जाएंगे बैनर

मरीजों को इसकी जानकारी देने के लिए पैथोलॉजी लैब के अलावा सभी वार्डों में बैनर लगाए जाएंगे। इसके माध्यम से बताया जाएगा कि वह मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन जांच रिपोर्ट कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

"मरीजों को पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट आभा आईडी के माध्यम से पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी। इस संबंध में टीम को निर्देश दिए हैं। - **डॉ. अलका शर्मा,** एडीएसआईसी जिला अस्पताल

## जिला अस्पताल में 10 बेड का हीट वेव वार्ड बनकर तैयार

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में 10 बेड का हीट वेव वार्ड बनकर तैयार हो गया है। वार्ड में दो बड़े कूलर, पंखे, फ्रिज समेत अन्य उपकरण लगा दिए गए हैं। जिला अस्पताल की एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बताया कि हीट वेव से ग्रसित मरीज को तुरंत इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार से वार्ड में शिफ्ट कर शरीर के तापमान को नियंत्रित किया जा सकेगा। हालांकि अभी वार्ड में कोई भी मरीज भर्ती नहीं हुआ है, लेकिन व्यवस्थाएं चाक चौबंद हैं।

# .. तो मतदान के लिए भी ठोकरें खानी पड़ेंगी

## चुनाव आयोग के आदेश के बाद भी पोलिंग बूथों के रास्तों की नहीं कराई गई मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सड़कों पर गड्ढों की वजह से लोग वोट डालने से न कतरा जाएं, इस आशंका से चुनाव आयोग ने पोलिंग बूथों की ओर जाने वाली सड़कों को चुनाव से पहले ही ठीक कराने का आदेश दिया था लेकिन बरेली क्षेत्र में मतदान से चार दिन पहले तक ये सड़कें जस की तस पड़ी हैं। कहीं बेशुमार गड्ढे हैं तो कहीं रास्ते में पानी भी भरा हुआ है। रास्तों की हालत नेताओं के वादों का हाल भी बयां कर रहे हैं।

शहर के रहपुरा चौधरी प्राथमिक स्कूल को मतदान केंद्र बनाया गया है। इस बूथ पर जाने के लिए रास्ते में एक जगह पर पानी भरा हुआ है। कई जगह गहरे गड्ढे हैं। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह रास्ता काफी पहले से खराब है। इस संबंध में कई बार अफसरों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय महलऊ, बाकरगंज, कटराचांद खां, सुभाष नगर को जाने वाली सड़क खराब है। महलऊ में बड़ा नाला खुला है और हैंडपंप भी खराब है। हैंडपंप को भी मतदान से पहले ठीक नहीं कराया गया है।

इससे कुछ दूरी पर रहपुरा का दूसरा मतदान केंद्र है, यहां पर स्कूल के गेट पर नाला चोक है। बरेली लोकसभा क्षेत्र की 45 सड़कें जर्जर हैं। पोलिंग पार्टियां भी मतदान केंद्रों पर हिचकोले खाते हुए पहुंचेंगी। हालांकि, कुछ सड़कों की मरम्मत हुई है, लेकिन अधिकांश स्थानों पर गिट्टी भी नहीं डाली गई है। ग्रामीण इलाकों में मतदान केंद्रों के रास्तों की हालत और ज्यादा खराब है। चुनाव होने से पहले उनकी भी सुध लेने अब तक कोई भी नहीं पहुंचा है।बता दें कि चुनाव आयोग के आदेश के बाद इन सड़कों में ग्रामीण क्षेत्र में लोकनिर्माण विभाग और शहरी इलाकों में नगर निगम को सड़क ठीक कराना था।

- **शहरी क्षेत्र में कई पोलिग बूथों के रास्तों का हाल खराब, कहीं-कहीं भरा है पानी भी**
- **नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अफसरों को दी गई थी जिम्मेदारी**



रहपुरा चौधरी में उच्च प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र के पास टूटी सड़क के गड्ढे में फंसी पिकअप। ● अमृत विचार



रहपुरा चौधरी में वुडरो स्कूल मतदान केंद्र के पास सड़क पर भरा गंदा पानी।



रहपुरा चौधरी में जर्जर सड़क में गंदे पानी से होकर निकलता बाइक सवार।

## सार-संक्षेप

### वीआईपी ड्यूटी में डॉक्टर, मरीज हो रहे परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के चलते जिले में राष्ट्रीय पार्टियों के नेताओं के दौरे हो रहे हैं। इस वजह से डॉक्टरों की वीआईपी ड्यूटी लगाई जा रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत तीन सौ बेड अस्पताल में आने वाले मरीजों को झेलनी पड़ रही है। गुरुवार को यहां ओपीडी के दौरान मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। दरअसल, यहां एक फिजिशियन अवकाश पर थे, जबकि ईएनटी सर्जन वीआईपी ड्यूटी पर थीं। सिर्फ दो दंत रोग विशेषज्ञ और एक अन्य वरिष्ठ डॉक्टर ने मरीजों को ओपीडी में इलाज और परामर्श दिया। अस्पताल में नेत्र रोग, दंत, फिजिशियन समेत कुल 6 डॉक्टर हैं। इनमें से ही आए दिन डॉक्टरों को वीआईपी और पोस्टमार्टम में ड्यूटी लगा दी जा रही है, जिससे ओपीडी में आने वाले मरीजों को परेशान का सामना करना पड़ रहा है।

### दिन और रात के तापमान में गिरावट

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में दूसरे दिन भी दिन और रात का तापमान सामान्य से कम रहा। दिन में तेज धूप खिली मगर तापमान में ज्यादा बढ़ोत्तरी दर्ज नहीं की गई। मौसम विभाग ने 5 और 6 मई को बारिश का पूर्वानुमान जताया है। बृहस्पतिवार को जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 .7 डिग्री कम 20 .2 और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 35 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान सुबह 36 प्रतिशत व शाम को 22 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 35 .8 और न्यूनतम तापमान 19 .7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 3 और 4 मई को मौसम साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद 5 से 8 मई तक मध्यम से हल्की बारिश की आंशका है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

### हाई वोल्टेज से स्वालेनगर में फुंके उपकरण

**बरेली, अमृत विचार :** हाई वोल्टेज से गुरुवार दोपहर स्वालेनगर में दर्जनभर घर और दुकानों में पंखे, कूलर, फ्रिज समेत कई उपकरण फुंक गए। इस वजह से कई घंटे तक क्षेत्र की आपूर्ति बाधित रही। गर्मी में लोग परेशान होते रहे। वहीं, नदोसी उपकेंद्र से जुडे बंडिया गांव में उच्च क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिससे छह घंटे आधे गांव की बिजली गुल रही। जगतपुर और पुराना शहर में दोपहर में दो घंटे की बिजली कटौती के साथ ट्रिपिंग की गई। सिविल लाइंस क्षेत्र में भी बिजली का आना जाना लगा रहा। एसडीओ सीबीगंज रोहित कुमार ने बताया कि जंपर कटने से स्वालेनगर में वोल्टेज लो और हाई हो रहे थे। शिकायत मिलने पर समस्या को दूर करा दिया गया।

### क्षतिग्रस्त मैनहोल ठीक करने के लिए बनी टीम

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में खुले मैनहोल को ठीक करने के लिए बृहस्पतिवार को टीम बनाई गई। यह टीम शिकायत मिलने पर 24 घंटे में समस्या का निदान करेगी। इसके साथ कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया गया है। जलकल महाप्रबंधक सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि लोग कंट्रोल रूम नंबर 7055519637, टोल फ्री नंबर 1533, 14420 और एक्सईएन जलकल के 7055519615, एई के 7055519610 और जेई के 7055519611 नंबर पर सूचना दे सकते हैं। सूचना पर टीम तुरंत आकर उसको ठीक करेगी।

### दो रेल फाटक आज चार घंटे रहेंगे बंद

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल पर किच्छा–बहेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग शुक्रवार को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक चार घंटे के लिए बंद रहेगी। इस दौरान मशीन से छनाई का काम होगा। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि समपार के वैकल्पिक मार्ग के तौर पर किच्छा स्टेशन के नजदीक सिरौली मार्ग पर स्थित समपार संख्या 37/सी और बंडिया मार्ग पर स्थित समपार संख्या 39/सी से सड़क यातायात सुचारू रहेगा।

## बिजली विभाग : दो दिन में 269 कार्यों का निरीक्षण, 100 में मिलीं कमियां

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्य अभियंता रणविजय सिंह और अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अशोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को इज्जतनगर क्षेत्र में चार ट्रांसफार्मर चेक किए। जिसमें मेंटीनेंस ठीक नहीं मिला। इसपर उन्होंने जेई और और ठेकेदार को चेतावनी देते हुए कार्य में सुधार के निर्देश दिए। विभाग के अफसर दो दिन में बिजली सुधार से जुड़े 269 कार्यों का निरीक्षण कर चुके हैं। इनमें से 100 कार्यों में लापरवाही सामने आई है।



इज्जतनगर क्षेत्र में ट्रांसफार्मर चेक करते अधिकारी।

मुख्यालय के निर्देश पर बिजनेस प्लान, आरडीएसएस और नगर निकाय योजना के तहत बिजली सुधार से संबंधित कार्य कराए गए थे। अफसरों की निगरानी में ही ये कार्य कराए गए थे। अब उन्हीं में कमियां निकल रही हैं।


कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन 9837892555 9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया फालिज जोड़ों एवं नसों का दर्द झनझनाहट सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल जगतपुर रोड, बरेली 9267043010

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श: डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज; दिल सम्बन्धित बीमारियां; शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
पताः- फेज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

Lifelines of Bareilly Medical — अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान कन्सल्टेन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
हेल्प लाईन-8266051117

डॉ. दर्शन मेहरा एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

THE TOOTH LOUNGE
दाँतों की नसों का उपचार • दाँतों में मसाला भरना • दाँतों का निकालना • दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग • दाँत एवं बत्तीसी बनवाना • स्माइल डिजाइनिंग • RCT Treatment • डिजिटल एक्स-रे • टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना • डेंटल इम्प्लांट
Dr. Neha Agarwal (Dental Surgeon) Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, Civil Lines, Near Kipps Hero Service Center Choupla Road, Bareilly

डा० आदित्य त्यागी MBBS, DOMS DNB MINAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM 8077344353
आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर

प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग • मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग • न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778

डॉ. रजनीकांत साहू MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) वरिष्ठ न्यूरो सर्जन मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8 7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा M.D. (Ayu.) बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी) Consultant Urologist & Andrologist
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

• Growth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolactin Hormone
• Suger/• B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic

Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps

FOLLOW US :

## गोवंशीय पशु टकराने से मालगाड़ी का प्रेशर पाइप फटा, ड्राइवर घायल

**बरेली, अमृत विचार :** धनेटा और परसाखेड़ा के बीच बृहस्पतिवार दोपहर मालगाड़ी से गोवंशीय पशुओं का झुंड टकरा गया। इससे इंजन का प्रेशर पाइप फट गया और सहायक लोको पायलट घायल हो गया। लोको पायलट को अस्पताल में भर्ती कराया गया। धनेटा और परसाखेड़ा के बीच मुरादाबाद से बरेली की तरफ आ रही एक मालगाड़ी से गोवंशीय पशुओं का झुंड टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि करीब तीन पशु रेलवे पटरी के किनारे जाकर गिरे। टक्कर लगने पर लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया तो प्रेशर पाइप टूट गया। ट्रेन में मौजूद रोजा लॉबी के सहायक लोको पायलट ब्रजेश कुमार प्रेशर पाइप जोड़ने के लिए इंजन से उतरे। इस बीच प्रेशर पाइप अचानक फटकर ब्रजेश के सिर पर लगा। लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को जानकारी दी तो दूसरा स्टाफ भेजकर मालगाड़ी बरेली लाई गई।

# बिजली के सामान की फैक्ट्री में पकड़ी 1.35 करोड़ की टैक्स चोरी

## जीएसटी विभाग का सुरेश शर्मा नगर और ट्रांसपोर्टनगर में छापा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** इलेक्ट्रिकल गुड्स निर्माता के गोदाम और कार्यालय में गुरुवार को जीएसटी की टीम ने छापा मारकर घंटों तक जांच की। छानबीन के बाद करीब 1.35 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। करीब तीन करोड़ रुपये जुर्माना लगाया गया है। व्यापारी ने 55.50 लाख रुपये जमा कर दिए, जुर्माने की बाकी धनराशि जमा करने के लिए मोहलत दी गई है। छापे के दौरान इलाके में हड़कंप मच गया।

डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि ज्वाइंट कमिश्नर अवधेश सिंह के निर्देश में जीएसटी की टीम गड़बड़ी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बताया कि गुरुवार को सूचना मिलने पर टीम ने सुरेश शर्मा नगर



छापे के दौरान मौजूद जीएसटी टीम।

- **तीन करोड़ का लगाया जुर्माना मौके पर व्यापारी ने 55.50 लाख जमा किए**

स्थित इलेक्ट्रिकल गुड्स निर्माता जितेंद्र के हेड ऑफिस और ट्रांसपोर्ट नगर में गोदाम पर छापेमारी की। बताया कि निर्माता बिजली के लोहे के खंभे आदि बनाकर बरेली और दूसरे कई जिलों में सप्लाई करते हैं। सरकारी संस्थानों को भी सप्लाई का ठेका लेते हैं। जांच में पाया गया कि व्यापारी की ओर से प्रतिवर्ष 10 करोड़ से अधिक का भुगतान सरकारी संस्थानों से प्राप्त किया जा रहा है, लेकिन अधिक मूल्य संवर्धन वाली कमोडिटी के निर्माता होने के बावजूद समस्त देय कर का समायोजन आईटीसी से किया जा रहा था।

जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर 1 करोड़ 35 लाख रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई, जिसमें अलग से पेनाल्टी और टैक्स लगाकर करीब 3 करोड़ की देनदारी बनी है। डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि 55.50 लाख रुपये व्यापारी ने मौके पर डीआरसी-3 के माध्यम से जमा किए, जबकि बाकी धनराशि जमा करने के लिए 20 मई तक का समय मांगा गया है।

## गोलमाल : उपभोक्ता आयोग ने कार्स-24 पर डाला जुर्माना

- **गाड़ी की कीमत कम बताकर ज्यादा वसूलने की कोशिश**

**विधि संवाददाता, बरेली :** कार्स 24 की साइट पर कम दाम दिखाकर उपभोक्ता से अधिक रकम वसूलने की कोशिश करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय अध्यक्ष दीपक कुमार त्रिपाठी और सदस्य दिनेश कुमार गुप्ता की पीठ ने कंपनी पर जुर्माना लगाया है। आयोग ने कंपनी के गुरुग्राम स्थित कार्यालय के प्रबंध निदेशक को वादी सैदपुर हाकिन्स निवासी बद्री प्रसाद सिंह को 45 दिनों के भीतर अदा किए गए तीन लाख 50 हजार रुपये लोन की रकम में समायोजित करने का आदेश दिया है।

इसके अलावा ग्राहक को लोन की बकाया राशि के संबंध में वादी को हिसाब देकर क्लोजर कर वाहन की आरसी देने और शारीरिक मानसिक शारीरिक कष्ट की क्षतिपूर्ति के बदले में 20 हजार और खर्चा मुकदमा 10 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया है। वादी के अधिवक्ता अन्तरिक्ष सक्सेना और धीरज सिंह ने बताया कि उपभोक्ता ने 9 नवम्बर 2021 को कम्पनी के कार्यालय पर जाकर कार खरीदने की बात की। ग्राहक को फॉरच्यूनर कार पसंद आयी थी। कम्पनी के कर्मचारी ने पुरानी कार की रकम 13 लाख 51 हजार 399 बतायी। कर्मचारी ने फाईनेंस स्कीम के बारे में समझाया कि वह 5 लाख 91 हजार 707 रुपये का डाउन पेमेंट जमा करके शेष रकम पर प्रति महीने 13-14 हजार की किस्तें बनाकर दे देंगे। कुछ दस्तावेजों पर साइन कराकर डाउन पेमेंट करवाकर 19 नवम्बर 2021 को गाड़ी सौंप दी। लगभग एक महीने बाद कम्पनी ने रीपेमेंट शिड्यूल 48 माह का 22,851 रुपये प्रतिमाह का भेजा। इस पर ग्राहक को ठगी का अहसास हुआ। इस बारे में जब कम्पनी से जब बात की गयी तो 3 लाख 50 हजार रुपये जमा करने पर ही समाधान की बात कही गयी। रकम जमा करने के बाद भी समस्या का समाधान न होने पर ग्राहक ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।

## पत्नी से विवाद के बाद फंदा लगाकर दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में बृहस्पतिवार देर शाम पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। राजीव कालोनी निवासी गौरव कुमार सागर (29) का पत्नी प्रेमलता से आए दिन विवाद होता रहता था। इससे परेशान होकर उसने बृहस्पतिवार शाम पंखे के कुंडे में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। काम से वापस आए छोटे भाई सौरभ ने भाई को फंदे पर लटके देखा तो पुलिस को सूचना दी। सौरव ने बताया कि विवाद के बाद भाभी एक महीने पहले मायके चली गई थीं। वह बृहस्पतिवार दोपहर को वापस आई और दोनों का देर शाम किसी बात को लेकर फिर से विवाद होने लगा।

## आयुष्मान का भुगतान करवा दूंगा, मेरी सेटिंग शासन तक

- **जिलों से ऐसी शिकायतें मिलने पर शासन ने किया अलर्ट, सीएमओ को भेजा पत्र**

**बरेली, अमृत विचार :** संदीप सिंह नाम का व्यक्ति निजी अस्पतालों में जाकर प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत लंबित और निरस्त मामलों में भुगतान कराने का हवाला देकर लोगों को ठगने का काम कर रहा है। इसकी भनक लगने पर शासन ने जिलों के सीएमओ को पत्र भेजकर संदीप सिंह नाम के युवक से योजना से जुड़े किसी भी संवाद करने पर सूचित करने को कहा है। सीएमओ ने इस संबंध में आईएमए को भी पत्र लिखकर जानकारी दी है।

सीएमओ ने आईएमए को लिखे पत्र में बताया कि संदीप सिंह नाम का युवक निजी अस्पताल संचालकों से मुलाकात कर निरस्त मामलों का अवैध रूप से भुगतान कराने का हवाला दे रहा है। संचालकों को बरगला रहा है कि उसकी साठगांठ शासन तक है, अगर इस नाम का व्यक्ति अस्पताल में आता है और योजना से जुड़ा कोई दस्तावेज प्रस्तुत करता है तो उससे संवाद न करें। जिले में योजना के तहत 3 लाख 49 हजार पात्र परिवार हैं। 10 लाख 92 हजार कार्ड जारी हो चुके हैं और 240 अस्पताल अनुबंधित हैं। इनमें निजी अस्पताल 180 हैं। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि आईएमए को पत्र जारी कर संदीप नाम के व्यक्ति से सतर्क रहने को कहा गया है।

## महिला के साथ की अश्लील हरकत विरोध पर मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** घर के बाहर गालीगलौज का विरोध करने पर दबंगों ने महिला के साथ मारपीट और अश्लील हरकतें कीं। महिला को बचाने आए परिजनों के साथ भी मारपीट की। महिला ने एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मीरगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि बुधवार शाम पड़ोस के रहने वाले दो युवक उनके दरवाजे पर शराब के नशे में गालीगलौज कर रहे थे। उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों ने उन्हें पकड़ लिया और उनके कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें कीं। शोर सुनकर परिजन बचाने पहुंचे तो दोनों ने उन लोगों के साथ भी मारपीट की।

## पत्नी ने मायके वालों के साथ मिलकर युवक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी में एक युवक ने पत्नी के बहने पर परिजनों से अलग रहने से मना कर दिया। इस पर पत्नी ने अपने मायके वालों के साथ मिलकर मारपीट की और हथौड़ी से हमला कर दिया। बारादरी पुलिस ने पत्नी समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जगतपुर पानी की टंकी के पास रहने वाले ब्रह्मानंद ने बताया कि उनका विवाह फरीदपुर के गांव किसुर्रा निवासी कमला से वर्ष 2020 में हुआ था। शादी के बाद से ही कमला परिजनों से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। डेढ़ महीने पहले सास शोभा, ससुर सुरेश और साला बबलू उनके घर आए और कमला को ले गए। 16 अप्रैल को सास, ससुर और कमला घर पर आए और मारपीट करने लगे। आरोप है कि पत्नी ने हथौड़ी से हमला कर दिया।

## जेल में शटरिंग कराकर लाखों का भुगतान दबाया

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र के करमपुर चौधरी निवासी आसिफ खां ने ठेकेदार पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। आसिफ ने बताया कि पुरानी जिला जेल का निर्माण हो रहा है। फरीदापुर चौधरी निवासी ठेकेदार के कहने पर उन्होंने शटरिंग का कार्य किया था। पांच महीने के काम के 6.15 लाख रुपये हुए। रुपये मांगते हुए आठ महीने बीत चुके हैं, लेकिन ठेकेदार ने रुपये नहीं दिए। दो लाख और 3.15 हजार रुपये के चेक दिए, जो बाउंस हो गए। मांगने पर ठेकेदार जान से मारने की धमकी दी।

## बेटी को जन्म देने पर महिला और उसके परिजनों को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बेटी को जन्म देने से नाराज पति ने महिला के साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि उससे दहेज में कार की मांग की और पति की शादी उनकी छोटी बहन से कराने की भी शर्त रखी। ससुर ने भी दुष्कर्म की कोशिश की। महिला थाना में शिकायत करने पर आरोपी समझौता करने के बहाने घर पर ले गए और मारपीट की। शिकायत पर किला पुलिस ने पति समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किला थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि उसका विवाह स्वालेनगर निवासी एक युवक के साथ हुआ है। बेटी को जन्म देने के बाद से ही पति, ससुर, सास और ननद उत्पीड़न करने लगे। उससे कार की मांग की। आरोप है कि पति ने कहा कि हम लोगों को बेटी नहीं बेटा चाहिए, इसलिए अपनी छोटी बहन से शादी करा दे। विरोध करने पर ससुरालियों ने मारपीट की। एक मई को महिला थाना में शिकायत की। जहां ससुराल वालों ने पुलिस कर्मियों के सामने समझौते का आश्वासन दिया और उसे घर ले गए। ससुर ने दीवार में सिर मारकर फोड़ लिया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

## महिला से देवर ने की छेड़खानी

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र की महिला ने देवर पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने बताया कि वह पति और बच्चों के साथ दूसरे मकान में रहती है। 30 अप्रैल को जरूरी कार्य से पति बरेली गए थे और बच्चे घर से बाहर खेल रहे थे। वह घर में नहा रही थी, तभी उसका देवर आ गया और जबरन पकड़ कर अश्लील हरकतें करने लगा। शोर सुनकर उनकी बेटी और देवरानी आ गईं, तब आरोपी भाग गया। सास से शिकायत करने पर सभी ने एक राय होकर धारदार हथियार और डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।

## हादसों में घायल दो लोगों की इलाज के दौरान मौत

**बरेली, अमृत विचार :** अलग-अलग सड़क हादसों में घायल ई-रिक्शा चालक समेत दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इज्जतनगर पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगरिया परीक्षित निवासी साबिर हुसैन ने बताया कि 30 अप्रैल को उनका बेटा साजिद और पड़ोसी सोहिल नगरिया कलां भट्ठा के पास खड़े थे, तभी ट्रैक्टर ने दोनों को टक्कर मार दी। 1 मई को इलाज के दौरान साजिद की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं छोटी विहार निवासी रामदेई ने बताया कि उनके पति रामदयाल ई-रिक्शा चलाते थे। वह 28 अप्रैल को सुबह पांच बजे बैरियर दो से सौ फुटा स्कूल की ओर सवारी लेकर आ रहे थे, तभी महर्षि स्कूल के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में रामदयाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

## जंक्शन पर लगाई गईं तीन नई एटीवीएम

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ने यात्रियों को राहत देने के लिए बरेली जंक्शन पर तीन नई एटीवीएम (ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन) लगाई हैं। साथ ही अतिरिक्त काउंटर भी खोले हैं। बरेली जंक्शन पर एटीवीएम खराब होने के कारण यात्रियों को दिक्कत हो रही थी। एक नई मशीन सुभाषनगर साइड द्वितीय प्रवेश द्वार पर और दो मशीनें आरक्षण कार्यालय में लगाई गई हैं। जबकि पहले से एक मशीन आरक्षण कार्यालय में लगी हुई थी। वाणिज्य विभागक के अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए एक-एक अतिरिक्त काउंटर अनारक्षित व आरक्षित टिकटों की बिक्री के लिए खोला गया है। यात्रियों के फोन में यूटीएस डाउनलोड कराया जा रहा है, ताकि उनको कतार से निजात मिल सके।

## लुटेरों ने की मोबाइल छीनने की कोशिश, एक दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर के फरीदापुर चौधरी में बाइक सवार बदमाशों ने भाई के साथ जा रहे किशोर का मोबाइल लुटने की कोशिश की लेकिन उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। बाइक गिरने पर एक बदमाश भाग गया लेकिन दोनों भाइयों ने दूसरे बदमाश को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाश को हिरासत में ले लिया है। फरीदापुर चौधरी निवासी अल्तमश अहमद ने बताया कि बुधवार रात साढ़े आठ बजे वह अपने छोटे भाई को कोचिंग से लेकर घर जा रहे थे। छोटा भाई मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक आए और मोबाइल छीनने लगे। पकड़ा गया आरोपी इज्जतनगर की रेलवे कॉलोनी के रोड नंबर छह का रहने वाला रितिक सागर है, जबकि फरार आरोपी उसी कॉलोनी का विकास शर्मा है। पुलिस ने रितिक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

## निलंबन के विरोध में धरने पर बैठा फिटर

**बरेली, अमृत विचार :** निलंबन के विरोध में वर्कशाप में तैनात फिटर सेवा प्रबंधक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गया। अफसरों ने मामले में जांच कराने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। परिवहन निगम के बरेली रीजन के वर्कशाप में तैनात फिटर सुशील को लापरवाही के आरोप में सेवा प्रबंधक धनजी राम ने निलंबित कर दिया गया था। फिटर पर आरोप था कि उसने बस को बिना चेक किए वर्कशाप से निकाल दिया था। रूट पर बस का पहिया निकल गया था। फिटर ने अधिकारियों को सेवा प्रबंधक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठने का नोटिस दिया था।

## प्रेम विवाह करने पर दुल्हन के भाइयों ने दूल्हे पर की फायरिंग

- **किला में बरात ले जाते वक्त चलाईं गोलियां, भगदड़ मची**

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेम विवाह से नाराज दुल्हन के भाइयों ने बरात ले जाते समय दूल्हे पर तमंचे से फायरिंग कर दी, जिसमें वह बाल-बाल बच गया। गोली चलते ही भगदड़ मच गई। दूल्हे के बहनोई की तहरीर पर किला पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बदायूं के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के नेकपुर गली नंबर चार निवासी दुर्वेश सिंह ने बताया कि उनका साला पवन यादव निवासी केलाबाग थाना किला आईवीआरआई में कर्मचारी है। पवन के प्रेम संबंध संजय नगर निवासी मधु पाल से थे। मधु के परिजन शादी को तैयार नहीं हुए तब दोनों ने घर से भागकर कोर्ट मैरिज कर ली। कोर्ट मैरिज के बाद पवन के परिजनों ने हिंदू रीति रिवाज से शादी करने की योजना बनाई। 30 अप्रैल को पवन दूल्हा बनकर घोड़ी पर सवार होकर शादी के लिए घर से निकाला। जैसे ही अलखनाथ मंदिर के पास बरात पहुंची, वैसे ही मधु के भाई राजीव और कुलदीप तमंचे लेकर आ गए और पवन पर गोली चला दी और वह बाल-बाल बच गया। फायरिंग होते ही बरात में भगदड़ मच गई। दुर्वेश की तहरीर पर थाना किला पुलिस ने कुलदीप और राजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शादी के बाद पत्नी को छोड़कर सैनिक गायब

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर की रहने वाली युवती के साथ एक सैनिक ने प्रेम विवाह किया लेकिन उसने शादी के दो दिन बाद ही उसे छोड़ दिया। मामला कोर्ट में पहुंचने पर सैनिक अब दूसरी शादी करने की कोशिश कर रहा है। युवती के पिता ने मामले में एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सुभाषनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर के ग्रीन वैली निवासी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी बेटी हिमानी की शादी 4 दिसंबर 2023 को अगुआ नगला पांचाल घाट जिला फर्रुखाबाद के रहने वाले विपिन प्रताप सिंह से हुई थी। विपिन भारतीय सेना में कार्यरत है। उसने खुद को सेना में अधिकारी बताया था। आरोप है कि विवाह के अगले दिन ही वह हिमानी को अपने पैतृक निवास पर ले जाने के बहाने ले गया और उसे गाजियाबाद ले गया। वहां बेटी से कहा कि उसके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हैं और दहेज में एक कार और 10 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि विपिन छह दिसंबर को ही उनकी बेटी को बरेली घर पर छोड़ गया। मामले में कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। जिसकी जानकारी होने पर विपिन दूसरी शादी करने की कोशिश कर रहा है। आरोप है कि दोनों पक्षों में काफी समय तक बात-चीत चलती रही, मगर अब जौनपुर में दूसरी शादी करने की बात कर रहे हैं।

## जिसे नौकरी से निकाला, वह फिर परिचालक के पद पर भर्ती हो गया

**बरेली, अमृत विचार :** मैजिक पेन प्रकरण में एक परिचालक को नौकरी से निकाल दिया गया, लेकिन वह आउटसोर्सिंग कंपनी में सेंध लगाकर दोबारा उसी पद पर भर्ती हो गया। भेद खुलने पर अफसरों ने उसकी ज्वाइनिंग पर रोक लगा दी है। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

दो साल पहले मैजिक पेन प्रकरण में संविदा परिचालक चंदन आर्य को नौकरी से निकाल दिया गया था। मामले में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। पिछले महीने परिवहन निगम के बरेली रीजन में आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से परिचालकों की भर्ती की गई थी। इसमें चंदन दोबारा से भर्ती हो गया। ज्वाइनिंग की प्रक्रिया शुरू हुई तो अफसरों को जानकारी हुई।

**चार परिचालक आए थे पकड़ में:** 2022 में बरेली रीजन की रोडवेज बसों के परिचालक मैजिक पेन से टिकट व वे-बिल (यात्री टिकट का ब्योरा लिखने वाली शीट) बनाकर रोडवेज को चूना लगाने का काम कर रहे थे। जानकारी होने पर लखनऊ मुख्यालय से सभी रीजन और डिपो में जांच के निर्देश दिए गए थे। बरेली डिपो और रुहेलखंड डिपो में ऐसे चार परिचालक पकड़ में आए थे। इसमें चंदन भी शामिल था।

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज पित्त की पथरी गुर्दे की पथरी को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मजदूर की हत्या कर शव प्लॉट में फेंका

## कांधरपुर में वारदात, गमछों से बंधे थे हाथ-पैर, शव के पास पड़ी मिलीं चप्पलें

संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर में मजदूर की हत्या कर शव एक जनप्रतिनिधि के घर से कुछ दूरी पर प्लॉट में फेंक दिया गया। मजदूर के दोनों हाथ-पांव अलग-अलग गमछों से बंधे हुए थे। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने फील्ड यूनिट की टीम के साथ मौके पर साक्ष्य जुटाए। हालांकि अभी परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।

कैंट के झीलगौटिया निवासी हरिओम पटेल (40) का शव गांव कांधरपुर में गुरुवार सुबह करीब छह बजे एक खाली प्लॉट में मिला। ग्रामीणों ने शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसपी सिटी राहुल भाटी, सीओ सिटी पंकज श्रीवास्तव, कैंट थाना प्रभारी जग नारायण पांडेय और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।


बेटे की मौत पर विलाप करतीं मां।

परिजनों के बताया कि हरिओम आंशिक रूप से मानसिक मंदित था। वह कांधरपुर स्थित रेता बजरी की दुकानों पर काम करता था। लोगों ने बुधवार शाम करीब छह बजे उसे एक दुकान पर काम करते देखा था। मां बिंद्रावती ने बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे वह घर आया था और



- पीठ पर थे घाव के निशान, मुंह से निकला था खून
- घर से खाना खाकर निकला था हरिओम

कपड़े बदलकर और खाना खाकर फिर चला आया था। गुरुवार सुबह उसका शव मिला। हरिओम की शादी नहीं हुई थी और बड़ा भाई दुबई में रहकर मजदूरी करता है।

हरिओम के हाथ और पैर एक ही रंग के दो अलग-अलग गमछों से बंधे हुए थे। उसी रंग का तीसरा गमछा शव के पास पड़ा था। पास में हवाई चप्पल भी पड़ी हुई थी। पुलिस को उसकी पैंट की दाहिनी जेब से दो तंबाकू की पुड़िया बरामद हुई हैं। पुलिस की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हरिओम के नाम पर भी जमीन थी। जिससे पुलिस का शक किसी करीबी पर जा रहा है।

### 50 मीटर दूर मिली मृतक की बनियान

जिस प्लॉट में हरिओम का शव पड़ा था, उसके बराबर वाले खेत में बुधवार को सिंचाई की गई थी। खेत में पैदल चलने वाले दो लोगों के पैरों के निशान बने हुए थे। पुलिस उन निशानों के जरिए खेत के दूसरी तरफ पहुंची तो वहां हरिओम की सफेद रंग की बनियान बरामद हुई। हरिओम के शरीर पर फटी हुई शर्ट पड़ी थी और पीठ पर एक चोट का निशान था। उसके मुंह से खून निकला हुआ था और मुंह में ही खून जम गया था। जिससे आशंका जताई जा रही है कि हरिओम की गला घोटकर कर हत्या की गई है।

"मृतक के हाथ-पांव बंधे होने की वजह से प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का लग रहा है। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा। परिजनों से तहरीर मांगी गई है।
–पंकज श्रीवास्तव, सीओ प्रथम

# दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ा ट्रैक्टर को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे ट्रक चालक, हेल्पर केबिन में फंस गए। एक अन्य साइकिल सवार गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे चालक, हेल्पर को क्रेन से निकाला।

भट्टे पर काम करने वाला ट्रैक्टर देर शाम करीब नौ बजे झुमका चौराहे से फतेहगंज की ओर आ रहा था। हाईवे के शंखा पुल के पास ट्रैक्टर का पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर डिवाइडर पर चढ़ गया। इसी दौरान पीछे से आ रहा ट्रक ट्रैक्टर ट्राली में घुस गया। इससे ट्रक के केबिन में



फसकर कन्नौज निवासी चालक जितेन्द्र कुमार और हेल्पर विक्रम सिंह केबिन में फसकर गंभीर घायल हो गए। टक्कर के दौरान पास से गुजर रहा एक साइकिल सवार भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन बुलाकर केबिन से दोनों को निकाला। एंबुलेंस से तीनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।

# अध्यात्म से जुड़ाव का पहला नियम है शुद्ध आहार-विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवाबगंज में आयोजित सत्संग में बोले- देवेंद्र मोहन महाराज

**अमृत विचार :** नवाबगंज में गुरुवार को आयोजित सत्संग में आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन महाराज ने कहा कि अध्यात्म से जुड़ाव का पहला नियम शुद्ध आहार और विचार है।

संत-महापुरुषों का प्रेम निस्वार्थ है, उनसे बिना कुछ मांगे ही जीवन सुखमय हो जाता है। संत संसार में जीवों को जीते-जी मुक्ति का मार्ग बताने आते हैं। इस मुक्ति के मार्ग के लिए वो सत्संग और सेवा का चयन करते हैं।

उन्होंने कहा कि सेवा के माध्यम से मनुष्य के अंतर्मन की शुद्धि होती है और सत्संग उसे दिशा देता है। प्रतिदिन कुछ देर एकांत में आंखें बंद कर के बैठें और अपने मन पर नजर रखें। इस दौरान मन तरह-तरह की चिंताओं जैसे बच्चे,



परिवार, पैसे आदि की तरफ भागता है। इन चिंताओं से अचिंत करने का मार्ग हमें संत सिखाते हैं। इस दुनिया की हर चीज नश्वर है। दुकान, मकान आदि सब एक दिन खत्म हो जाएंगे, लेकिन गुरु का दिया नाम कभी नहीं मिटता। सुख और दुख दोनों ही हमारे जीवन में विकास का रास्ता खोलते हैं। दोनों ही हमें कोई न कोई सीख जरूर देते हैं। मदनलाल, सोमपाल, श्याम बिहारी, महेश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## निजी अस्पताल चलाने के आरोप पर एएनएम से मांगा जवाब

**शीशगढ़, अमृत विचार :** जनसुनवाई पोर्टल पर पिछले दिनों की गईं सरकारी नौकरी के बावजूद प्राइवेट अस्पताल चलाने की शिकायत पर प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी शेरगढ़ ने एएनएम को नोटिस भेजकर दो दिन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण देने को निर्देश दिए है। कस्बे के लोगों ने पिछले दिनों जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत की शिकायत की थी कि सरकारी नौकरी में होने के बाद भी प्राइवेट अस्पताल चलाती हैं।अब शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरगढ़ के प्रभारी ने एएनएम को दो दिन में जवाब देने को कहा हैं।एएनएम ने बताया शिकायत पुरानी है।अब तो शिकायतकर्ता की मौत भी हो चुकी है। मृतक के बेटे ने लिखकर भी दे दिया है। इसके साथ ही वह कोई प्राइवेट अस्पताल नहीं चलाती हैं। उन पर लगाया गया आरोप झूठा है।

# दहेज हत्या के मामले में पति समेत 12 लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, नवाबगंज

- बाइक और गहने के लिए पति ने बंके से गला काटकर की थी हत्या

**अमृत विचार :** नवाबगंज के गांव जयनगर में पति ने बुलेट और आभूषणों की मांग पूरी न होने पर बुधवार को पत्नी का गला बंके से काटकर हत्या कर दी थी। विवाहिता के घर से बाहर न निकलने पर आसपास के लोगों ने घर में जाकर देखा तो उसका सिर कटा हुआ पड़ा था। हत्या की सूचना पर जब मायके वाले पहुंचे तो घर में कोई नहीं था। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भिजवाने के साथ ही मामले में पति सहित 12 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं।

देवरनियां की नगर पंचायत रिछा निवासी मुसब्बर अली ने नवाबगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने बहन का विवाह नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जयनगर निवासी मकसद अली से दो वर्ष पूर्व किया था। शादी में उसने बाइक के साथ ही काफी सामान उपहार स्वरूप दिया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति मकसद अली, जेठ तौफीक अली, ससुर साबिर अली, सास मसीतन, बहनोई मकसूद अली, ननद अफसाना, ननद सीमा, राहिल, कुमारी छोटी, कुमारी बड़ी, निवासी जयनगर के साथ ही इजाज अली, झब्बार अली, नन्हे निवासी यासीन नगर आदि उसकी बहन को कम दहेज लाने का ताना देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

एक मई को करीब चार बजे उसकी बहन फराह की उसके पति मकसद अली ने अपने परिवार के साथ मिलकर बंके से गला काटकर हत्या कर दी। एसएचओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## आंवला बार अध्यक्ष को टक्कर मारने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को 14 दिन पूर्व दो बाइक सवारों ने टक्कर मारी थी, जिससे वह गम्भीर घायल हो गए थे। बार अध्यक्ष ने बाइक सवार दो लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आंवला बार एसोसिएशन अध्यक्ष अगरपाल सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल को वह सिद्धांत तिवारी और सचिन के साथ कचहरी से पैदल घर जा रहे थे। शाम करीब 7 बजे रामनगर रोड बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक के सामने बाइक चालक अन्नू निवासी ग्राम फुलासी, पीछे बैठे राकेश कुमार निवासी मोहल्ला खेड़ा कस्बा आंवला ने जान से मारने की नियत से उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह सिर के बल गिर गए।आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अन्नू और राकेश कुमार के खिलाफ धारा 307 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार-संक्षेप

### रहपुरा जागीर में मिली पेंगोलिन को जंगल में छोड़ा



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रहपुरा जागीर में खेत में पेंगोलिन मिली, जिसे वन विभाग की टीम ने पकड़ कर पीलीभीत के जंगल में ले जाकर छोड़ा। गांव रहपुरा जागीर निवासी रोशन बुधवार को खेत पर फसल रखाने गए थे। उन्हें अचानक खेत में पेंगोलिन दिखाई दी। जिसे पकड़ कर वह गांव में ले आए और ठाकुरद्वारा मंदिर में बंद कर दी। गुरुवार सुबह वन विभाग की टीम को सूचना दी। सूचना पर वन क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह डिप्टी रेंजर मुकेश सिंह कॉन्स्टेबल छेदालाल एवं अन्य कर्मचारी रहपुरा जागीर पहुंचे। उसे पकड़ कर फतेहगंज पश्चिमी नर्सरी पर ले आए।उसके बाद डीएफओ से बात कर पीलीभीत वन विभाग रेंज में छोड़कर चले आये। क्षेत्राधिकारी संतोष सिंह ने बताया कि यह पेंगोलिन है अपने क्षेत्र में नही पाई जाती है। यह कही से भटक कर आ गई, उसे सुरक्षित जगह छोड़ दिया गया।

### सेवानिवृत्त हुए स्वास्थ्य कर्मी को साथियों ने दी विदाई



**शेरगढ़, अमृत विचार :** सीएचसी में तैनात वार्डबॉय मनोज कुमार शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने उपहार देकर उनके दीर्घायु की कामना की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. गजेंद्र सिंह समेत स्वास्थ्य कर्मियों ने मनोज कुमार शर्मा की सेवाओं को बेहद सराहा तथा उनके विनम्र स्वभाव एवं व्यवहारिक कार्यशैली की प्रशंसा की। मनोज कुमार शर्मा ने अपनी सेवाएं 27 जुलाई 1988 को नवाबगंज के हरहरपुर मटकली नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आरंभ की, वर्ष 2014 से अब तक सीएचसी शेरगढ़ में कार्य किया। इस मौके पर डॉ. मयंक सागर, डॉ. शैवर अली, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. वसीम, डॉ. राकेश गौतम, बीपीएम प्रेम गंगवार, बीसीपीएम अनीता विश्वकर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित



**आंवला, अमृत विचार :** सरस्वती बाल विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रहटुईया में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र के 10 गांव के मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में समाजसेवी राहुल शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अपना लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और परिश्रम की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा आस-पास क्षेत्र के 10 गांवों के दसवीं और बारहवीं में सर्वाधिक अंक पाने वाले प्रथम और द्वितीय श्रेणी लाने बाले मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार भेंट किए। इस दौरान इंतजार खां, डॉक्टर नेकपाल मौर्य, योगेश, प्रेम कुमार, नेत्रपाल समेत अन्य रहे। विद्यालय प्रबंधक गिरीश कुमार शर्मा ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य कुंवर सेन ने किया।

### डिवाइडर से बाइक टकराने से युवक घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर पट्टी के पास अनियंत्रित बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रामपुर की कोतवाली के गांव भैसोड़ी निवासी रसीद अहमद गुरुवार को बाइक से बरेली जा रहे थे। नेशनल हाइवे पट्टी गांव के पास करीब दो बजे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में रसीद डिवाइडर से टकराकर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

### दबंगों ने युवक को घर के सामने घेरकर पीटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** दबंगों ने युवक को उसके घर के सामने घेरकर पीटा, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पूनम ने मीरगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका देवर सचिन बुधवार को भूसा डालकर घर के सामने खड़ा था। मीरगंज की ओर से आए कुछ लोग उसे गाली देते हुए निकले, उसके देवर ने विरोध किया तो आरोपी उसे पीटने लगे, जानकारी होने पर उसके भाई, भाभी और पिता बचाने आए तो आरोपी भाग गए। थोड़ी देर बाद तीनों गांव के नारायण दास, खेमपाल, पप्पू दो-तीन अन्य लोगों के साथ डंडे लेकर आए और उसके घर में घुसकर उसके पति ससुर व देवर के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। पुलिस ने ओमकार, राजेंद्र, अनिल, नारायण दास, खेमपाल, पप्पू और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में हैकाथॉन 2.0 शुरू



**बरेली, अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में हैकाथॉन 2.0 शुरू हो गया है। गुरुवार को एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति और सीईटी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने ओल्ड ऑडिटोरियम में तीन दिवसीय प्रतियोगिता की शुरुआत की। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि इस बार हैकाथॉन 2.0 की थीम स्मार्ट कैंपस सोल्यूशन है। इसमें तमिलनाडु, मध्य प्रदेश और कोयंबटूर, तिरुवल्लूर, जबलपुर, इंदौर, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली के तकनीकी महाविद्यालयों के 156 स्नातक ओर परास्नातकों की 32 टीमें शामिल हुई हैं। हैकाथॉन 2.0 छत्तीस घंटे का तकनीकी आयोजन है, जिसका उद्देश्य स्मार्ट कैंपस से संबंधित वास्तविक चुनौतियों का समाधान कर छात्रों में रचनात्मकता और नवाचार को प्रेरित करना है। इस बार प्राइज मनी एक लाख रुपये रखी गई है। डा. एलएस मौर्य, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शैलेंद्र देवा, डॉ. अनुज कुमार, डा. आरती गुप्ता, कपिल भूषण, डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, इंजीनियर अमित कर्माकर, स्मिता दिनकर आदि मौजूद रहे।

### सौतेली बेटी से जबरदस्ती करने का आरोप

**फरीदपुर, अमृत विचार :** साहब सौतेला पिता होने के वजह से मेरा पति मेरी बेटी पर गंदी नजर रखता है, विरोध करने पर मारपीट करता है। यह आरोप एक महिला ने थाने में आकर पुलिस वालों के सामने लगाया। उसने बताया कि उसके पति की पहली पत्नी प्रेमी के साथ चली गई और उसने भी दूसरी शादी की है। उसे पहले पति से एक बेटी है जो उसके साथ रहती है। उसका पति शराब पीकर सौतेली बेटी पर गंदी नजर रखता है कई बार उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश कर चुका है। जिसका विरोध करने पर उससे और उसकी बेटी से मारपीट की गई। परेशान होकर महिला कस्बे में दूसरे स्थान पर किराए के मकान में रहने लगी। महिला के अनुसार उसका पति आए दिन वहां भी आकर उसकी बेटी के साथ जोर जबरदस्ती करता है। पीड़िता ने कोतवाली में गुरुवार को पति के खिलाफ तहरीर दी है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर दी श्रद्धांजलि

**रिठौरा, अमृत विचार :** अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर गुरुवार को कुंवरपुर बंजरिया में क्षेत्र पंचायत सदस्य नाजिम अली के निवास पर शोक सभा का कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। बालकृष्ण राणा के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य नाजिम अली, माजिद अली, इमरान रजा, आबिद रजा, रजनी पटेल, वीरपाल पटेल, नरेंद्र पटेल, बजरुल हसन, सज्जाद अली समेत अन्य मौजूद रहे।

### महिला को रिश्तेदारी ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप

**आंवला, अमृत विचार :** महिला ने एक युवक पर गाड़ी में खींचकर बैठाने और रिश्तेदारी में ले जाकर कई बार दुष्कर्म करने 24 घंटे बाद छोड़ने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को शिकायत दी परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता ने सीओ को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को करीब पांच वर्ष हो चुके है। उसका पति मजदूरी करता है। दो दिन पूर्व दोपहर 2:30 बजे एक व्यक्ति उसे जबरन गाड़ी में बैठाकर रिश्तेदारी में ले गया। उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। उसने उसे बुधवार दोपहर गांव लाकर छोड़ा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके पति से बेरहमी से मारपीट की।

### शाकाहारी और सदाचारी बनने का दिलाया संकल्प



**बरेली, अमृत विचार :** बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि कलयुग में ही सतयुग आने का प्रमाण मिलता है, लेकिन युग बदलते समय जन- धन की हानि होती है। सतयुग का आनंद लेने के लिए नशामुक्त होना पड़ेगा। वह गुरुवार को बीसलपुर रोड पर कुआंडांडा तिराहा के समीप आयोजित सत्संग में बोल रहे थे। उन्होंने लोगों को शाकाहारी और सदाचारी बनने का संकल्प दिलाया। बाबा उमाकांत महाराज ने कहा कि जिस दिन गो, पशु, पक्षी हत्या और भ्रष्टाचार की जननी शराब बंद होगी उसी दिन सतयुग की किरण धरती पर दिखाई देने लगेगी। युगों – युगों से संत – महात्मा सृष्टि की रक्षा करते रहे हैं। कहा कि किसी के बहकावे में आकर हड़ताल, तोड़फोड़, धरना और घेराव नहीं करना चाहिए। राष्ट्रीय संपत्ति को किसी भी दशा में नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

### दबंगों ने दंपती से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**मीरगंज, अमृत विचार :** एक महिला के खेत में लगे पेड़ों पर अधिकार जमाते हुए आरोपियों ने दंपती से मारपीट की, साथ ही पेड़ काटने पर जान से मारने की धमकी दी। नुजहत निवासी ग्राम गुगई ने थाने में तहरीर दी, उन्होंने बताया कि खेत में 12 वर्ष पहले यूकेलिप्टिस और पापुलर के पेड़ लगाए थे जो अब तैयार हो चुके है। जब वह अपने पेड़ कटवाने खेत पर गई तो गांव के ही जुबैर, जफर, जुमर, उमर, सफात आदि लोग उसके खेत पर आ गए। आरोप है कि वे लो उसे लकड़ी नहीं काटने की धमकी देकर मारपीट करने लगे। जब उसके पति बचाने दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने पेड़ कटवाने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### पुलिस मतदान व्यवस्था देखने मे व्यस्त, चोर स्कूलों से कर रहे चोरी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पुलिस इन दिनों चुनावी व्यवस्था में व्यस्त है वहीं चोर, विद्यालयों पर हाथ साफ कर रहे हैं। चोरों ने हाफिजगंज के गांव मुड़िया भीकमपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के ताले तोड़कर इनवर्टर, बैटरी के साथ ही बर्तन चुरा ले गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने हाफिजगंज पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने विद्यालय आकर मौका मुआयना तो किया पर अभी रिपोर्ट दर्ज नही हुई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक ने बताया कि गत रात विद्यालय के ताले तोड़कर चोर इर्न्वटर व बैटरी के साथ ही बर्तन और अन्य सामान निकाल ले गए है। इससे पहले 17 अप्रैल को हाफिजगंज के गांव आसपुर हसनअली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से चोरी हो गए थे। मामले में तहरीर थाना पुलिस को दी गई थी। बीईओ सतीश कुमार ने बताया कि विद्यालयों में हो रही चोरियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई बैठक में एसडीएम को एक पत्र देकर बताया था। एसडीएम ने सीओ को चोरी के मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई को कहा था।

## अमृत विचार क्लासीफाइड

### सूचना

मैंने अपनी पत्नी रेनू कौर को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में उसके किए किसी भी कार्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।
**हरी सिंह पुत्र सरदार सिंह, निवासी- ग्राम तिगरा, पोस्ट भंडसर, थाना हाफिजगंज, जिला बरेली**

### Notice

This is to be notify that I have Lost my Class 12th Marksheet UID No. 6742323/2020 which was released by Don & Donna Convent School, (CISCE, New Delhi) Shahjahanpur. If someone found/seen, please contact on 8707251089. **Piyush Singh S/o Munender Singh & Sunita Singh R/o Nigohi Girgicha, Shahjahanpur-242001 (U.P.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ●कब्ज ●अपच ●गैस ●खाने के बाद शौचालय जाना ●शारीरिक अंगों का विकास रूकना ●पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ●3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ●बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ●कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ●बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ●खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

